प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा जिस पर सदस्य चर्चा में भाग लेंगे। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र बीते सोमवार से आरंभ हुआ है, जबकि राज्यसभा का सत्र आज से शुरू हो रहा है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की भौगौलिक स्थिति मैदानी राज्यों से अलग है इसलिए अपनी सिफारिशों में वित्त आयोग प्रदेश पर विशेष ध्यान दे। शिमला में हुई 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वित्त आयोग के सामने विस्तारपूर्वक राज्य की वित्तीय स्थिति रख दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए पानी पर सेस लगाना जरूरी है, और साथ ही हिमाचल ने अपनी 68 फीसदी वन भूमि कटान पर भी रोक लगा रखी है जिसे ध्यान में रख कर वित्त आयोग हिमाचल के हित में अपनी सिफारशे दें।

नीट

नीट पेपर लीक मामले की जांच के लिए सीबीआई की एक टीम कल झारखंड के हज़ारीबाग स्थित ओ.एसिस स्कूल पहुंची। सीबीआई के अधिकारियों ने पेपर लीक से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर स्कूल के प्रचार्य से पूछताछ की। इसके बाद आगे की पूछताछ के लिए सीबीआई उन्हें अपने साथ ले गई। प्राचार्य नीट परीक्षा के लिए हजारीबाग के स्कूलों के शहर के समन्वयक थे। सीबीआई टीम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया हजारीबाग की शाखा के अधिकारियों से भी पूछताछ की, जहां प्रश्नपत्र रखे गए थे।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार वन अधिकार अधिनियम 2006 को जनजातीय जिलों के साथ–साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी जल्द लागू करेगी।

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र किलाड़ में एक कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ये अधिनियम एक ऐसा ऐतिहासिक कानून है जिसमें पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ज़मीन देने का अधिकार प्राप्त है। बाद में जगत सिंह नेगी ने किलाड़ में निर्माणाधीन लघु सचिवालय भवन, बस अड्डा परिसर व अस्पताल भवन का दौरा भी किया, और अधिकारियों को निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर रोजगार सहित अन्य मामलों में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब तक के कार्यकाल में युवाओं को रोजगार देने में असफल रही है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में वर्तमान सरकार पूर्व सरकार के कामों को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि उप–चुनाव में प्रदेश के लोग कांग्रेस सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं।

मौसम

प्रदेश में कल से 30 जून तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 30 जून तक राज्य के अधिकतर भागों में भारी बारिश होगी जिसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। इस दौरान प्रदेश के पांच जिलों शिमला, मंडी, बिलासपुर, सोलन व सिरमौर में भारी बारिश होने का अनुमान है। इस बीच प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से प्री–मॉनसून की वर्षा से उमस भरी गर्मी महसूस की जा रह है। वहीं प्रदेश में मॉनसून के जुलाई के पहले सप्ताह में दस्तक देने की संभावना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

अधिकांश समाचार पत्रों ने आज अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

बिलासपुर गोली कांड से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है–हाईकोर्ट के ओदश–बंबर के बेटे पुरंजन को सुबह 10 बजे तक करना होगा सरेंडर। पंजाब केसरी की सुर्खी है–पुरंजन ठाकुर को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं।

दिव्य हिमाचल,.कर्मचारियों से ज्यादा हो जाएंगे पैंशनर–चाहिए 90 हजार करोड़, शीर्षक से लिखता है–वित्त आयोग के सामने हिमाचल सरकार ने किया ओपीएस बहाली का बचाव। दैनिक जागरण की सुर्खी है–वित्त आयोग से बोली सरकार, ओपीएस पर होगा दोगुना खर्च।

उपचुनाव को लेकर अमर उजाला व दैनिक जागरण की लगभग एक जैसी सुर्खी है–नामांकन वापसी के बाद उप–चुनाव में मैदान में रहे 13 प्रत्याशी। आपका फैसला के मुताबिक–उप–चुनावों के बीच शिमला पहुंची प्रियंका नेताओं से लेंगी फीडबैक।

दिव्य हिमाचल ने विधानसभा अध्यक्ष के हवाले से लिखा है–स्पीकर की चेतावनी संयम बरतें जयराम, विधानसभा के फैसलों के बीच चर्चा करना सही नहीं।

दैनिक सवेरा टाईम्स का शीर्षक है–नेता प्रतिपक्ष को अपनी सोच व शब्दों को नियंत्रण में रखने की सलाह।

पहाड़ी टमाटर का सीजन पकड़ने लगा रफ्तार लोकल को अच्छे रेट मिले, शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है–करीब 8 हजार क्रेट रोज पहुंच रहे सोलन सब्जी मंडी, अच्छी क्वालिटी का टमाटर 8 सौ क्रेट तक बिका।